तापमान

अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 13 जुलाई 2026



12 हरियाणा अंडर-17 शतरंज चैंपियनशिप ..





12 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा दौरा विकास के ...




**खबर संक्षेप**

### मकान के नाम पर महिला से 12 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** बैंक लोन खत्म होने का झांसा देकर गिरवी रखा मकान बेचने के नाम पर एक महिला से करीब 12 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। शांति कॉलोनी निवासी सुमित्रा देवी की शिकायत पर आर्थिक अपराध शाखा की जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद सिटी यमुनानगर थाना पुलिस ने राज कुमार उर्फ राजू सोंकी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपी ने वर्ष 2020 में 2027 तक लोन खत्म होने का दावा कर मकान का सौदा किया था, लेकिन जांच में पता चला कि मकान का बैंक लोन वर्ष 2055 तक है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सर्राफा कारोबारी से लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** रादौर के मुख्य बाजार में सर्राफा कारोबारी से लाखों रुपये की लूट के मामले में सीआईए-2 पुलिस ने करनाल के इंद्री क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। चार जुलाई को शाकुंभरी ज्वेलर्स के संचालक अमित कुमार से नकदी से भरा बैग लूट लिया गया था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने वारदात से पहले कारोबारी की दुकान और घर की रेकी की थी। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदीप और नीरज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस हथियार, लूटी गई नकदी और अन्य साक्ष्य बरामद करने में जुटी है।

### पानीपतः तिहरे हत्याकांड का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के गांव डिकाडला में स्कॉर्पियो से कुचलकर तीन दोस्तों नरेंद्र, विनोद, अनीप की हत्या करने के मामले में सीआईए वन पुलिस ने चौथे आरोपी डिकाडला निवासी राजबीर को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी राजबीर ने तिहरे हत्याकांड में पहले गिरफ्तार हो चुके इसी गांव निवासी अपने साथी आरोपी मनीष, तेजबीर उर्फ तेजा, संदीप और नामजद फरार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर रंजिशन उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। नरेंद्र, विनोद, अनीप की हत्या के केस में अब भी फरार चल रहे हैं।

गांव अढ़ोनी में सेवादार की पुजारी से मारपीट मामले में सख्त कार्रवाई

# पुजारी को गमछा डाल घसीटने वाले की मजार टूटेगी, कुरुक्षेत्र प्रशासन का नोटिस

**गांव के रास्तों पर करीब 17-18 घरों का हिस्सा आ रहा, उसे हटाने की प्रक्रिया भी शुरू होगी**

**मामले में फरार तीसरे आरोपी इंद्र को गिरफ्तार कर की जा रही है पूछताछ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में पुजारी के साथ मारपीट मामले में अब प्रशासन भी सख्त हो गया है। अढ़ोनी गांव के सरपंच परमजीत सिंह ने कहा- मजार के अगला हिस्सा तोड़ा जाएगा। कल (सोमवार) प्रशासन की टीम मजार का अवैध हिस्सा हटाएगी। गांव के शिव मंदिर के पुजारी योगीराज के साथ 9 जुलाई को दरगाह सेवादार पंकज ने मारपीट की थी। गले में परना डालकर उन्हें सड़क पर घसीटकर टांग तोड़ दी गई। पुजारी का अभी एलएनजेपी में में इलाज चल रहा है। वहीं, पुजारी से मारपीट के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने दरगाह के बाहर प्रदर्शन का ऐलान किया है। साधु समाज ने मंदिर प्रांगण में एक मीटिंग भी की। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है- घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुजारी मंदिर में पूजा-पाठ करने ही तो आया था। इधर, पुजारी से मारपीट करने से पहले पंकज की एक और वीडियो सामने आई है। इसमें पंकज पुजारी की कुटिया की रेकी कर रहा है। अपने मोबाइल पुजारी के पूरे घटनाक्रम को शूट कर रहा है।



### आज होगी कार्रवाईः सरपंच

गांव अढ़ोनी के सरपंच परमजीत सिंह ने बताया कि प्रशासन की ओर से कल गांव में अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से नोटिस भेजे गए हैं। गांव के रास्तों पर करीब 17-18 घरों का हिस्सा आ रहा है। उसे हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### पंकज के घर का कब्जा भी हटेगा

सरपंच परमजीत सिंह ने आगे कहा- दरगाह का अगली साइड का 3.4 फीट का एरिया रास्ते में आ रहा है। इसे हटाया जाएगा। साथ ही पुजारी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पंकज के घर का एक तरफ का 7 फीट का हिस्सा रास्ते में आ रहा है, उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### साधुओं की मीटिंग में दरगाह हटाने की मांग

खड़दल साधु समाज के संगठन महामंत्री सुनील दास ने बताया कि शनिवार को गांव के शिव मंदिर में एक मीटिंग हुई। इस मीटिंग में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा- इस मामले में सरकार को जल्द संज्ञान लेना चाहिए। साधु समाज इस घटना की कठोर निंदा करता है। सनातन धर्म को मिटाने के लिए ही गांव में ये दरगाह बनाई गई है।

## सेवादार की पुलिस-कस्टडी से भागने की कोशिश, पुल से कूदा, टांगे टूटी

**कुरुक्षेत्र।** अढ़ोनी गांव में 74 वर्षीय पुजारी योगीराज गिरी की टांग तोड़ने और उन्हें घसीटने के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी पंकज ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की। आरोपी पुलिस कर्मियों के हाथ छुड़ाकर जीटी रोड पर पुल से नीचे कूदने से टांगे टूट गई। थाना सदर के एसएचओ रणधीर सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी पंकज को कोर्ट से 13 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वहीं, पुलिस ने रविवार को तीसरे आरोपी इंद्र को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, रास्ते में आरोपी पंकज ने सांवला गांव के पुल के पास पेशाब करने की बात कही। पुलिसकर्मी उसे गाड़ी से नीचे लेकर गए। इसी दौरान उसने अचानक पुलिस कर्मियों का हाथ छुड़ाया और नहर पुल से नीचे कूदकर गया। इसमें उसका एक पैर टूट गया और दूसरे में फ्रैक्चर हो गया। पुलिस के मुताबिक, पंकज अढ़ोनी गांव स्थित नकोदर दरगाह का मुख्य सेवादार है और उस पर पुजारी योगीराज गिरी पर हमला कर उनकी टांग तोड़ने तथा उन्हें घसीटने का आरोप है। कुरुक्षेत्र पुलिस ने मंदिर के पुजारी से मारपीट करने के तीसरे आरोपी को गिरफतार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थाना सदर थानेसर की टीम ने मंदिर के पुजारी से मारपीट करने के आरोपी इन्द्र राम वासी डेरा राईया वालि धुराली जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



अस्पताल में उपचाराधीन आरोपी।

## टांगरी का पानी उतरा, बस्तियों में कीचड़ ने बढ़ाई मुसीबत

**हर साल उजड़ते हैं आशियाने, प्रशासन पर अनदेखी का आरोप**



**अंबाला।** टांगरी नदी किनारे बस्ती में कीचड़ से गुजरते लोग।

- **तटबंधों की मरम्मत में जुटा सिंचाई विभाग, नदी के किनारे जाने पर रोक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पहाड़ों पर बारिश थमने के बाद टांगरी नदी का पानी तो उतर गया है लेकिन आसपास बसी बस्तियों के लोगों के सामने कई तरह की समस्याएं खड़ी हो गई। नदी पूरी तरह शांत नजर आ रही है। पर अपने पीछे रिहायशी इलाकों में गाद और भारी गंदगी छोड़ गई। अब लोगों के लिए कीचड़ नई मुसीबत बन गया है। लोगों का कहना है कि वे अपने घरों और गलियों की सफाई शुरू करें या फिर दोबारा बारिश आने की आशंका के कारण कुछ दिन और रुकें। कॉलोनीवासियों का कहना है कि हर बार की तरह इस बार भी प्रशासन के पुख्ता दावों की पोल खुल गई है। जलभराव से लोगों का सामान भी खराब हुआ है। अब कीचड़ व गंदगी से बीमारियों का डर सता रहा है। उधर स्थिति को देखते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया है। विभाग की टीमों ने नदी के तटबंधों के किनारे डेरा डाल दिया है ताकि बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हुए हिस्सों को तुरंत सुधारा जा सके। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तटबंधों की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर सख्त कदम उठाए हैं। संभावित खतरे को देखते हुए नदी और नालों के आसपास जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। टांगरी नदी के पास बसी बस्तियों के लोग बरसाती सीजन की वजह से सहम जाते हैं। उनका आरोप है कि हर साल टांगरी नदी उनके आशियाने उजाड़ रही है। मगर अफसर उनकी कोई बात नहीं सुनते। लोगों का कहना है कि हर साल ऐसा होता है।

**पिहोवा में घटना, कारणों का खुलासा नहीं**

## श्मशान घाट के अदंर पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पिहोवा में रविवार को युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक का शव गो चरांद के श्मशान घाट के अदंर पेड़ पर परने के सहारे लटका मिला। आसपास के लोगों ने शव लटका देखा तो डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान गांव गो चरान के रहने वाले 25 वर्षीय रमनदीप के रूप में हुई है। शुरूआती जांच में घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। रमन का श्मशान घाट के पास में ही घर है। गो चरांद में एसआईआर का कार्य चल रहा था। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने श्मशान घाट में पेड़ पर युवक का शव लटका देखा। पुलिस टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया। रमन के पिता गुरदेव सिंह घर पर ही रहते हैं। कुछ समय पहले गुरदेव सिंह का एक्सीडेंट हो गया था। भाई पंजाब में किसी फैक्ट्री में काम करता है। रमन के घर के आर्थिक हालात ठीक नहीं है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। उधर, थाना सिटी पिहोवा में कार्यरत जांच अधिकारी अरक पवन कुमार ने बताया कि अभी आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हैं।

**गले में चुन्नी बंधी मिली, शिनाख्त नहीं**

## पानीपत में सड़क पर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 में माउंट आबू इंटरनेशनल स्कूल के पास मुख्य सड़क किनारे रविवार को एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। मृतक के गले में काली चुन्नी बंधी हुई थी, उसकी शिनाख्त नहीं हुई है। थाना हुडा 13-17 पुलिस, सीआईए वन की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। वहीं, एफएसएल की टीम ने शव की जांच की। जांच में मृतक के शरीर पर चोट का कोई दूसरा निशान नहीं था, जबकि गले में कस कर काली चुन्नी बंधी हुई थी। एफएसएल की टीम ने मृत की उम्र करीब 25/26 साल बताई। वहीं, गले में चुन्नी बंधे होने और सड़क किनारे लावारिस हालत में शव मिलने से पुलिस इस मामले को हत्या का मामला मान रही है। इधर, पुलिस ने मृतक के हुलिया और कपड़ों का विवरण भेज दिया है। वहीं, पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

## कुरुक्षेत्र में 12 साल की बच्ची निकली गर्भवती, पेट में दर्द होने पर खुला राज

- **नाबालिग बड़े भाई ने किया रेप, सोशल मीडिया पर देखी वीडियो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहर में पेट दर्द की शिकायत लेकर मां के साथ अस्पताल आई 12 साल बच्ची दो महीने की गर्भवती मिली। महिला डॉक्टर ने नाबालिग बच्ची से पूछताछ की। तब उसने अपने बड़े नाबालिग भाई (14) पर गलत काम करने का आरोप लगाया। घटना का खुलासा होने पर मां सन्न रह गई। इसके बाद डॉक्टर ने पुलिस को सूचना दी। अब मां की शिकायत पर पुलिस ने नाबालिग आरोपी बेटे के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। अब पुलिस दोनों नाबालिग भाई-बहन का मेडिकल कराएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। आरोपी ने फेसबुक पर वीडियो देखकर गलत काम किया था। पीड़ित मां ने पुलिस को बताया कि, वह करीब 10 साल पहले अपने पति के साथ बिहार से कुरुक्षेत्र में मजदूरी करने आई थी। करीब 4 साल पहले उसके पति की करंट लगने से मौत हो गई थी। परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। वह दिहाड़ी मजदूरी कर बच्चों का पालन-पोषण कर रही है। शुक्रवार 10 जुलाई को उसकी बड़ी बेटी पेट में तेज दर्द होने की शिकायत करने लगी। दर्द लगातार बढ़ने पर वह उसे एलएनजेपी अस्पताल लेकर पहुंची। यहां महिला रोग विशेषज्ञ ने उसकी बेटी की जांच की। जांच में डॉक्टर ने बच्ची के करीब 2 महीने की गर्भवती होने की पुष्टि हुई। मां ने बताया की बच्ची ने बताया कि उसके बड़े भाई ने उसके साथ गलत काम किया था।

### नेशनल हाइवे पर पिकअप की चपेट में आने से युवक की मौत

**तरावड़ी।** देर रात्रि तरावड़ी नेशनल हाइवे पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिजवा दिया है। जानकारी के अनुसार हिमाचल से एक युवक लिफ्ट लेकर उत्तरप्रदेश के बहराइच जा रहा था, लेकिन जिस गाड़ी में वह बैठा था उसमें अचानक तकनीकि खराबी आ गई और ड्राइवर ने गाड़ी साइड में लगाकर दूसरी गाड़ी में सामान लोड करवाने के लिए खड़ी कर दी, लेकिन युवक उस गाड़ी से उतरकर सड़क पार करने लगा तो अचानक एक पिकअप गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस मृतक युवक की पहचान के प्रयास कर रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस रखवा दिया गया है।

## अवैध पिस्तौल व चार कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने रटोली-कांसापुर रोड से बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान सहारनपुर के नकुड़ निवासी अमजद और अली शेर के रूप में हुई है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर दोनों को दबोचा। पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अमजद को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, जबकि अली शेर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अली शेर के खिलाफ पहले भी अवैध हथियार का मामला दर्ज है।



**यमुनानगर।** स्पेशल स्टाफ टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी युवक। फोटो : हरिभूमि

## जीपीएस फेंका, फिर पेट्रोल पंप से 18 टायरी ट्रॉला ले उड़े चोर

**मुलाना।** खान अहमदपुर के पेट्रोल पंप से 18 टायरी ट्रॉला चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने वारदात से पहले ट्रॉले में लगा जीपीएस सिस्टम उतारकर वहीं फेंक दिया, जिससे उसकी लोकेशन काफी देर तक पेट्रोल पंप की ही दिखाई देती रही। शनिवार दोपहर ट्रॉला गायब मिलने पर मालिक को चोरी का पता चला।ट्रॉला संचालक धीन गांव निवासी जगदीप सिंह ने बताया कि वह रात के समय अपना ट्रॉला खान अहमदपुर स्थित पेट्रोल पंप पर खड़ा करते थे। शुक्रवार रात करीब 10 बजे ट्रॉला पंप पर खड़ा किया गया था। रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच चोर ट्रॉला लेकर फरार हो गए।सीसीटीवी फुटेज में ट्रॉला अंबाला की ओर जाता दिखाई दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि आसपास के कैमरों और कालपी ब्रिज की फुटेज खंगाली जा रही है।



### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, तीन आरोपियों पर केस

**करनाल।** करनाल के पुराने बस स्टैंड के पास डोमिनोज पिज्जा के नजदीक एक युवक पर आधी रात को तीन युवकों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल की पहचान शिव कॉलोनी निवासी कृष्ण उर्फ निग्मू (22) के रूप में हुई है, जो डोमिनोज पिज्जा के पास काम करता है। पीड़ित के अनुसार, 3-4 दिन पहले उसके दोस्त राहुल और गौरव के बीच झगड़ा हुआ था, जिसमें उसने बीच-बचाव कराया था। उसी दौरान गौरव ने उसे देख लेने की धमकी दी थी। शनिवार रात कृष्ण रोड धर्मशाला से डोमिनोज की ओर जा रहा था। रास्ते में गौरव अपने दो साथियों के साथ मिला और तीनों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि गौरव ने उसकी कमर तथा दोनों बाजुओं पर चाकू से कई वार किए, जबकि उसके दोनों साथियों ने थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की। हमले के दौरान कृष्ण किसी तरह बचकर डोमिनोज पिज्जा के मुख्य गेट तक पहुंच गया। कर्मचारियों को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल ने बताया कि वह तीनों आरोपियों को सामने आने पर पहचान सकता है।

**विस अध्यक्ष कल्याण ने पुंडरी में सवा करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास किया, बोले**

## पार्टीबाजी से दूर रहें, सामूहिक कार्यों में सहयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने ग्रामीणों से पार्टीबाजी से दूर रहकर सामूहिक विकास कार्यों में सहयोग करने और छोटे-मोटे विवाद गांव स्तर पर ही सुलझाने की अपील की। उन्होंने पुंडरी गांव में महिला चौपाल बनवाने की घोषणा की तथा करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के गांव पुंडरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कश्यप चौपाल, पाल चौपाल, सामुदायिक केंद्र तथा पीर बाबा के निकट बनने वाले हॉल का शिलान्यास किया। इन सभी निर्माण कार्यों को पंचायत एवं विकास विभाग द्वारा कराया जाएगा।इस अवसर पर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि वे क्षेत्र के लोगों को केवल मतदाता नहीं, बल्कि अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। पिछले 10-12 वर्षों में क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में कई बड़े प्रोजेक्ट मंजूर हुए, जिनका लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी राजनीति कुछ दिनों की होती है। चुनाव के बाद सभी मतभेद भुलाकर गांव, समाज और राष्ट्र के विकास के लिए मिलकर काम करना चाहिए। जिन गांवों में भाईचारा मजबूत होता है, वहां विकास भी तेजी से होता है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता बनाए रखने और शिक्षित व संपन्न लोगों से जरूरतमंद परिवारों की मदद करने की भी अपील की। विधानसभा अध्यक्ष ने गांव में महिला चौपाल के साथ-साथ लाइब्रेरी की आवश्यकता पर भी बल दिया।



## नशा तस्करीः 51 ग्राम हेरोइन के साथ ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने 51 ग्राम हेरोइन के साथ एक ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड हासिल किया गया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति जगाधरी वर्कशॉप रोड स्थित गुरु तेग बहादुर गली में नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर एएसआई कर्मबीर के नेतृत्व में अमित कुमार, जयपाल, मराठा, कुलदीप, ललित और आशीष की टीम का गठन किया गया। टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। नियमानुसार मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया और उनकी मौजूदगी में आरोपी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 51 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान पुराना हमीदा खड्डा कॉलोनी निवासी अब्दुल जब्बार के रूप में हुई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी अवैध शराब से संबंधित एक मामला दर्ज है।



## खबर संक्षेप



इंद्री। गांव मुरादगढ़ में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में स्वास्थ्य की जांच करती डॉक्टर।

### शिविर में 150 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच

**इंद्री।** गांव मुरादगढ़ में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सेवा सप्ताह के अंतर्गत एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में करीब 150 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में (जिला सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद करनाल )आचार्य प्रदीप कुमार वत्स ने शिरकत की। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक गौरव नाथ, भारती शर्मा,कश्मीरी लाल, सुरेश कुमार,मास्टर बलराज, अनिल कुमार, संदीप कुमार, अनुज कुमार, अंकित कुमार, सुरेंद्र कुमार, व रामकुमार सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### पेंशन विधेयक वापस होने तक जारी रहेगा आंदोलन



**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ खंड कुंजपुरा की बैठक में मौजूद सदस्य।

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ खंड कुंजपुरा की बैठक प्रजापति धर्मशाला में खंड प्रधान रमेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन खंड सचिव इंद्रपाल ने किया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि पेंशन संबंधी विधेयक वापस होने तक आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए कुंजपुरा खंड में तीन उप-जोन बनाकर समितियों का गठन किया गया। बैठक में सेवाराम, अमरसिंह, लालचंद, सुरेंद्र रावत, गुरदयाल, महेंद्र मान सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### जींद रैली में पहुंचेंगे हजारों कार्यकर्ता : आकाश



करनाल। हरियाणा वाल्मीकि महासभा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**करनाल।** हरियाणा वाल्मीकि महासभा की बैठक प्रदेश सचिव आकाश सिरसवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 17 जुलाई को जींद में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। आकाश सिरसवाल ने कहा कि कृष्ण कुमार बेदी के नेतृत्व में प्रदेशभर से वाल्मीकि समाज के हजारों कार्यकर्ता रैली में पहुंचकर प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। बैठक में सत्यवान ढिलौड, संजीव जलमाणा, संदीप चिनालिया, विनोद जलमाणा, संदीप जानी, रवि चौहान, अरुण चौहान, सागर धारीवाल और आजाद बलड़ी मौजूद रहे।

## राजपूत सभा की पहली बैठक महाराणा प्रताप भवन में संपन्न

# सम्राट मिहिर भोज भवन के लिए जुटाए 31 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

- सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने का लिया संकल्प

सेक्टर-8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में रविवार को राजपूत सभा की नवनियुक्त कार्यकारिणी की पहली बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह ने की। बैठक में समाज के विकास, संगठन की मजबूती और आगामी योजनाओं को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में संत नगर में निर्माणाधीन सम्राट मिहिर भोज भवन को लेकर विशेष चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने पहली ही बैठक में भवन निर्माण के लिए 31 लाख रुपये का सहयोग एकत्र किया। लगभग सात करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस भवन के लिए समाज के सभी लोगों से सहयोग करने की अपील भी की गई। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वार्ड पार्षद मुकेश अरोड़ा ने कहा कि राजपूत समाज का गौरवशाली इतिहास नई पीढ़ी तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। सदस्यता अभियान शुरू करने और अधिक से अधिक लोगों को सभा से जोड़ने पर भी सहमति बनी।




**करनाल।** राजपूत सभा की कार्यकारिणी बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं अतिथि।

### समितियों का गठन

प्रधान डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि भवन निर्माण, धन संग्रह तथा अन्य कार्यों के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है, जो गांव-गांव जाकर समाज को संगठित करने और सहयोग जुटाने का कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और सशक्तिकरण के लिए पूर्व की तरह सभी सामाजिक प्रकल्प भी निरंतर संचालित किए जाएंगे।

**ये रहे बैठक में उपस्थित**

बैठक में वरिष्ठ उपप्रधान राजवीर ब्रास, महासचिव एडवोकेट भूपेंद्र सिंह, संरक्षक राजिंदर राणा, तेजपाल राणा, अजमेर पंवार, उपप्रधान अनिल चौहान, युवा जिला अध्यक्ष अक्षय राणा, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन राणा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# गतका प्रतियोगिता के लिए हरियाणा टीम चयनित, 80 ने दिखाया दमखम

- मीरी पीरी दिवस पर फतेहगढ़ साहिब में होंगे शस्त्र विद्या गतका और दुमाला सजाने के राष्ट्रीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

मीरी पीरी दिवस के अवसर पर 25 और 26 जुलाई को गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सिख शस्त्र विद्या गतका एवं दुमाला सजाने की प्रतियोगिताओं के लिए रविवार को करनाल में हरियाणा टीम के चयन ट्रायल आयोजित किए गए। इस चयन प्रक्रिया में प्रदेश के विभिन्न गतका अखाड़ों के खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

चयन ट्रायल में दशमेश अखाड़ा करनाल, दशमेश अखाड़ा पानीपत, रणजीत अखाड़ा पानीपत, दशमेश अखाड़ा यमुनानगर, बाबा दीप सिंह गतका अखाड़ा सिरसा, मीरी पीरी गतका अखाड़ा अंबाला, शहीदी बुंगा अंबाला, हरि सिंह नलवा अखाड़ा सिरसा तथा अमर शहीद बाबा दीप सिंह गतका अखाड़ा नीलोखेड़ी के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कुल 80 खिलाड़ियों में से राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अमनदीप सिंह, परमजीत सिंह, करनदीप सिंह और गुरसिमरन सिंह का चयन किया गया।



**करनाल।** चयन ट्रायल में प्रदर्शन करते खिलाड़ी एवं उपस्थित पदाधिकारी।

प्रधान गुरतेज सिंह खालसा ने बताया कि देश को नौ क्षेत्रों में विभाजित कर चयन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। फेडरेशन के संरक्षक परमजीत सिंह सरोहा, पंजाब प्रधान उदय सिंह, उपप्रधान कुलजीत सिंह, तेजिंदर पाल सिंह, धनवंत सिंह, राजिंदर सिंह राजू और किशन पाल सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। निर्णायक एवं रेफरी की जिम्मेदारी इंद्रपाल सिंह, रविंद्र पाल सिंह (दिल्ली), दलबीर सिंह, विमलजीत सिंह, विक्रमजीत सिंह, अमरजीत सिंह, इकबाल सिंह, रविंद्र पाल सिंह, गुरप्रीत सिंह जैलदार और चरणजीत सिंह ने निभाई।

# श्रद्धा के बिना भक्ति केवल दिखावा बन जाती है : मुमुक्षा

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के साप्ताहिक सत्संग में श्रद्धा और भक्ति का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से शिव चित्रगुप्त मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक सर्वश्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी मुमुक्षा भारती ने श्रद्धालुओं को श्रद्धा और भक्ति का महत्व समझाया।

उन्होंने कहा कि श्रद्धा ही भक्ति को दिव्यता और पूर्णता प्रदान करती है। यदि भक्ति में श्रद्धा का भाव न हो तो वह केवल औपचारिकता बनकर रह जाती है। उन्होंने बताया कि अधिकांश लोग सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति या दुखों से मुक्ति पाने के उद्देश्य से भक्ति करते हैं, जबकि सच्ची भक्ति का आधार अटूट श्रद्धा होती है। साध्वी मुमुक्षा भारती ने श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा है कि श्रद्धावान व्यक्ति ही ज्ञान और भक्ति का वास्तविक अधिकारी होता है। उन्होंने द्रौपदी और माता शबरी के प्रसंगों का उदाहरण देते हुए बताया कि सच्ची श्रद्धा असंभव को भी संभव बना देती है और संकट की घड़ी में ईश्वर की कृपा का माध्यम बनती है। उन्होंने कहा कि केवल सांसारिक लाभ की इच्छा से की गई श्रद्धाहीन भक्ति क्षणिक सुख तो दे सकती है, लेकिन स्थायी शांति नहीं देती। सत्संग का समापन सामूहिक ध्यान साधना और भक्ति भजनों के साथ हुआ।



**करनाल।** सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित करतीं साध्वी मुमुक्षा भारती।

# सुनियोजित विकास और स्वच्छता से आधुनिक बनेगा करनाल

- हर वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर : महापौर गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि नगर निगम शहर के सुनियोजित विकास, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ सार्वजनिक स्थलों को आकर्षक बनाने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर प्राथमिकता से काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सड़कें, जल निकासी व्यवस्था, पार्कों का विकास, हरित क्षेत्र बढ़ाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य जारी है। महापौर ने बताया कि सभी पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर जनता की समस्याओं का समाधान करा रहे हैं और प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय के जरिए विकास कार्यों को गति दी जा रही है।



विकास कार्यों को लेकर जानकारी देतीं महापौर रेणु बाला गुप्ता।

# कार्यक्रम में पेपर लीक व बेरोजगारी पर कांग्रेस ने साधा निशाना

- शिक्षा व्यवस्था में सुधार और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) की ओर से जिला सचिव शारदा सिद्धू के संयोजन में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए पेपर लीक, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों को प्रमुखता से उठाया गया।

जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि बार-बार होने वाले पेपर लीक से लाखों युवाओं की मेहनत और भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि निष्पक्ष परीक्षाएं कराने में सरकार विफल रही है और नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।

भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित कर रिक्त सरकारी पदों को जल्द भरा जाए तथा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार किए जाएं। इस दौरान बिन्दर पोसवाल, जोगिंदर वाल्मीकि, तरुण चौहान, ललित अहूजा, संदीप महाजन, निश्चय सोही, सुरेश चौधरी, सुरेन्द्र नम्बरदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।




**करनाल।** कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते जिला अध्यक्ष पराग गाबा।

## तरावड़ी के अमीर चंद मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का समापन

# जो काम प्रेम से संभव है, वह हिंसा से नहीं: राधा

- भजन गायन ने लोगों को नृत्य करने के लिए विवश कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तरावड़ी

श्री मद्भागवत ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत अमीर चंद मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सम्पन्न दिन की कथा मे मंडी आढ़ती ऐसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समापन दिवस पर भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या, प्रभुपाद, हरिश्चंद्र महाराज कथा का वर्णन कथा व्यास राधा किशोरी के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। इस दौरान साध्वी राधा शास्त्री ने मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता एवं मार्किट कमेटी के चेयरमेन शिवनाथ कपूर को राधा-रानी का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्रद्धालु भजनों पर भावविभोर होकर झूम उठे और पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। कथा के समापन पर आरती की गई तथा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर शिव शक्ति संकीर्तन मंडल के संरक्षक हंसराज पाहूजा, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, प्यारेलाल काठपाल, राजेश जैन, रमेश अरोड़ा, धर्मपाल वलेचा, प्रदीप आदि मौजूद रहे।



**तरावड़ी।** मार्किट कमेटी के चेयरमैन शिवनाथ कपूर को सम्मानित करते हुए कथा व्यास साध्वी राधा शास्त्री एवं उपस्थित श्रद्धालुगण।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में आई तेजी

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के निर्देशन में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को जिलेभर में व्यापक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रइया ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र नागरिकों, विशेषकर नए और युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना है। करनाल शहर, असंध, ऊंचाना, घरौंडा के गड़रिया मोहल्ला, कश्यप मोहल्ला, भोला कॉलोनी तथा नीलोखेड़ी ब्लॉक के विभिन्न गांवों में लोगों को मतदाता सूची पुनरीक्षण की जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बूथ लेवल अधिकारियों के साथ मिलकर लोगों से एसआईआर फॉर्म भरवाए।

## न्यूज डायरी

### महिला को सब्जी की रेहड़ी देकर बनाया आत्मनिर्भर



**करनाल।** भारत विकास परिषद माधव शाखा ने सेवा प्रकल्प के अंतर्गत जरूरतमंद महिला को सब्जी की रेहड़ी भेंट कर उसे आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय पहल की। फूसगढ़ रोड पर महिला इस रेहड़ी के माध्यम से अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकेगी। परियोजना का संचालन परिणीता कपूर और संतोष बक्शी ने किया, जबकि शाखा के सभी सदस्यों ने सहयोग दिया। शाखा अध्यक्ष गौरी दत्ता ने कहा कि परिषद का उद्देश्य जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग को सम्मानजनक स्वरोजगार उपलब्ध कराना है। संस्कार, सेवा, सहयोग, संपर्क और समर्पण के मूल मंत्र पर चलते हुए शाखा भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखेगी। इस अवसर पर शाखा के वित्त सचिव रमेश कपूर का जन्मदिन भी मनाया गया। करनाल इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक अरुण दत्ता और डॉ. वीके सिंगला ने सेवा कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में सचिव नवीन सहगल, वित्त सचिव रमेश कपूर, परियोजना निदेशक परिणीता कपूर, संतोष बक्शी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### सुंदरकांड पाठ से गूंजा श्री राम मंदिर



**करनाल।** सेक्टर-8 स्थित श्री राम मंदिर में रविवार को भोलेनाथ का पंचामृत स्नान कराकर विधिवत भव्य श्रृंगार किया गया। सायंकाल मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शिवभक्तों ने दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से भगवान शिव का अभिषेक किया तथा बेलपत्र, धतूरा, आक के फूल, भस्म और अक्षत अर्पित किए। पूरा मंदिर परिसर शिवभक्ति के रंग में रंगा रहा। अनुष्ठान पंडित अनिल द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। भजन संध्या में वीना सेठ, अनु खट्टर और सुशील मदान ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में नीरज कपूर, सर्वेश दत्ता, संतोष दत्ता, दलीप गांधी, विपुल, सुधा, रविंद्र बत्रा, संगीता बत्रा, संजीव ढींगरा, उषा ढींगरा, मुरारी लाल बत्रा, चंद्र बत्रा, सुनैना मदान, अशोक मदान, तरसेम गुप्ता, ऊषा बत्रा और पवन धमीजा मौजूद रहे।

### आमसभा में सेवा कार्यों की समीक्षा



**करनाल।** अग्रकुल सेवा संस्था की आमसभा सेक्टर-8 स्थित अग्रसेन भवन में प्रधान विनोद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बीते वर्ष के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा आगामी सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा हुई। प्रधान विनोद गुप्ता ने बताया कि संस्था ने कंबल वितरण, ट्रैकसूट वितरण और जरूरतमंद परिवारों की आर्थिक सहायता जैसे कई सेवा कार्य किए हैं। पिछले छह माह में दानदाताओं के सहयोग से आठ नए वाटर कूलर लगाए गए, जबकि पहले से स्थापित 48 वाटर कूलरों का नियमित रखरखाव भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को महिला विंग की ओर से तीज उत्सव आयोजित किया जाएगा तथा 4 अक्तूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में मानव सेवा संघ में 300 यूनिट रक्तदान लक्ष्य के साथ शिविर लगाया जाएगा। संस्था पौधारोपण अभियान और समाज के वरिष्ठ नागरिकों व प्रतिभाओं के सम्मान समारोह की भी तैयारी कर रही है। बैठक में पूर्व प्रधान डॉ. एसके गोयल, महासचिव नरेश गर्ग निगढू, कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता सहित अनेक सदस्यों ने विचार रखे।

### साहित्य उत्सव में 37 साहित्यकार सम्मानित




**करनाल।** सांझा साहित्य मंच द्वारा आयोजित एक दिवसीय करनाल साहित्य उत्सव में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 37 साहित्यकारों को विभिन्न स्मृति सम्मानों से सम्मानित किया गया। युवा कवि सम्मेलन और पुस्तक विमोचन कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहे। मंच अध्यक्ष कृष्ण कुमार निर्माण और महासचिव सतविंदर राणा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.पी. चौहान ने की, जबकि मुख्य अतिथि आकाशवाणी दिल्ली के उद्घोषक ऋषि कुमार शर्मा रहे। आशीर्वचन डॉ. अशोक भाटिया और आचार्य महाबीर प्रसाद शास्त्री ने दिए। उत्सव में हरियाणवी को भाषा का दर्जा देने, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और साहित्य के स्तर को मजबूत करने सहित पांच प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। युवा कवियों ने प्रभावशाली काव्य पाठ किया, जबकि पांच नई पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

### जेंडर सेंसिटिविटी पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन



**तरावड़ी ।** श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट में विद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य स्कूलों से आये 60 प्रतिभागियों के लिए जेंडर सेंसिटिविटी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय में लैंगिक समानता, पारस्परिक सम्मान, संवेदनशीलता तथा सुरक्षित एवं समावेशी शैक्षिक वातावरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सभी मेहमानों और प्रतिभागियों का तिलक करके स्वागत किया गया। इसके उपरांत विद्यालय निर्देशक डॉ राकेश शर्मा एवं स्कूल के ट्रेनिंग नोडल कोऑर्डिनेटर और उप-प्रधानाचार्य रवि शर्मा ने प्रशिक्षण सत्र के रिसोर्स पर्सन श्री रोहित रतन एवं श्रीमती हरमीत कौर का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. राकेश शर्मा, उप-प्रधानाचार्य रवि शर्मा तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### घंटाकर्णा महावीर देवस्थान पर श्रद्धालु संगम आज

**करनाल।** इन्द्री रोड स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घंटाकर्णा महावीर देवस्थान में कृष्ण पक्ष की चौदस पर सोमवार, 13 जुलाई को मासिक श्रद्धालु संगम आयोजित होगा। कार्यक्रम शांतमूर्ति महासाध्वी प्रमिला जी महाराज एवं साध्वी जागृति जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। देवस्थान सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। सुबह 7:15 बजे तथा शाम 6:30 बजे आरती होगी। सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक सत्संग और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा, जिसके बाद महाआरती एवं प्रीतिभोज कराया जाएगा। प्रीतिभोज का लाभ दिल्ली निवासी धन कुमार जैन और सुनीता जैन द्वारा लिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को शिक्षित होने के लिए जागरूक किया

**पानीपत।** शिक्षा के प्रति समर्पण और विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के संकल्प का परिचय देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी पानीपत राकेश बूरा ने रविवार की सरकारी छुट्टियों के बावजूद शिक्षा रथ अभियान को निरंतर जारी रखा। रविवार की शाम को डीईओ राकेश बूरा, जिला कल्चरल कोऑर्डिनेटर संदीप रत्तेवाल तथा शिक्षक आदि शिक्षा रथ टीम के साथ संविधान चौक यानि लाल बत्ती क्षेत्र में पहुंचे और वहां दुकानें लगाने वाले प्रवासी परिवारों को अपने बच्चों को शिक्षित करने के प्रति जागरूक किया।

### विवाहिता ने पति, सास व ससुर पर किया मुकदमा

**पानीपत।** पानीपत के न्यू शांति नगर निवासी विवाहिता ज्योति ने अपने पति करण चौधरी, ससुर नरेंद्र चौधरी और सास अंजू चौधरी निवासी टीडीआई के खिलाफ शादी के नाम पर धोखाधड़ी करने, जबरन कर्ज के जाल में फंसाने और गंभीर रूप से मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत पुलिस को दी है। वहीं, थाना मॉडल टाउन पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाहिता ने ससुरालियों पर आर्थिक प्रताड़ना का बेहद गंभीर आरोप लगाया है।

### रग्बी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया

**पानीपत।** हैदराबाद में आयोजित 11वीं राष्ट्रीय जूनियर रग्बी सेवन प्रतियोगिता में हरियाणा जूनियर खिलाडियों ने प्रदर्शन करते हुए पिछले संस्करण की तुलना में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया। पिछली बार 24वें स्थान पर रहने वाली हरियाणा की टीम इस बार 17वें स्थान पर रही। टीम ने खेले गए पांच मुकाबलों में से तीन में जीत हासिल कर अपनी प्रतिभा और संघर्षशीलता का परिचय दिया। इधर, रग्बी संघ से नरेंद्र सिंह मोर, बबीता सिंह, टीम कोच अमन मलिक व राजेश तक्षक ने खिलाडियों का हौंसला बढाया।

### अंसल आरडब्ल्यूए के प्रधान बने राजीव जैन

**पानीपत।** अंसल सुशांत सिटी आरडब्ल्यूए के चुनाव अधिकारी अशोक मेहता एवं गुलशन तलवाड़ की देखरेख में 117 डेलीगेट ने मतदान किया। वहीं प्रधान पद पर राजीव जैन ने अमित वर्मा को 51 मतों से पराजित किया। जबकि विनोद गोयल वरिष्ठ उपप्रधान, राजीव मलिक उपप्रधान, कुलदीप अरोड़ा सचिव, तन्मय सिंगला कोषाध्यक्ष, सपना बंसल व लोकेश भाटिया संयुक्त सचिव, मनोज कुमार संगठन सचिव, संदीप सूरी संयुक्त संगठन सचिव पर विजयी रहे।

### पौधरोपण से हरा-भरा जिला बनेगा पानीपत

**पानीपत।** पानीपत जिला को हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ आगे बढ़ रहा है। वहीं, उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने सभी विभागों से पौधारोपण रिपोर्ट का शीघ्र भेजने के निर्देश देते हुए कहा कि पानीपत को हरित जिला बनाया जाएगा।

### देवर पर छेड़खानी का केस दर्ज करवाया

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके ममेरे देवर, इसकी मां व सास पर केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका उसके पति के साथ तलाक का केस चल रहा है। वहीं वह अपने तीन साल के पुत्र के साथ सास के साथ रहती है। सास के साथ ही ममेरा देवर व इसकी मां रहती है। विवाहिता का आरोप है कि उसने जब देवर द्वारा छेडखानी की शिकायत सास से की तो सास व लडके की मां ने उसके साथ मारपीट की।

### स्वास्थ्य केन्द्र में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

**पिहोवा।** स्वास्थ्य केन्द्र पिहोवा में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में सबडिविजनल हॉस्पिटल पिहोवा में सभी पीएचसी ईचार्ज और सुपरवाइजर ,पुरुष स्वास्थ्य कर्मी की बैठक आयोजित की गई । डॉ संजीव गोयल ने कहा कि बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए परिवार नियोजन के साधन जैसे नलबंदी, नसबंदी,माला एन , अंतरा इंजेक्शन,कॉपर टी इत्यादि का प्रयोग नियमित रूप से किया जाए।

---

प्रधानमंत्री मोदी की 17 जुलाई की रैली की तैयारियां तेज

# हाइड्रोजन ट्रेन भविष्य के भारत की पहचान बनेगी : भाटिया

**भाजपा इस आयोजन को इको-फ्रेंडली जनसभा के रूप में आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। राज्यसभा सांसद संजय भाटिया जींद में मोदी की रैली की तैयारियों का जायजा लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा हरियाणा के विकास के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगी। यह आयोजन प्रदेश को आधुनिक बुनियादी ढांचे, हरित तकनीक और जनकल्याण से जुड़ी अनेक बड़ी सौगातें देने वाला ऐतिहासिक अवसर भी बनेगा। सांसद भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज आधुनिक, हरित और भविष्य की तकनीकों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसी सोच का परिणाम है कि पीएम मोदी 17 जुलाई को हरियाणा को हाइड्रोजन आधारित रेल परियोजना जैसी ऐतिहासिक सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन ईंधन पर चलने वाली ट्रेनें भविष्य के भारत की पहचान बनेंगी। यह पहल न केवल प्रदूषण कम करेगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी नई मजबूती देगी। हरियाणा इस परिवर्तन का अग्रणी राज्य बनने जा रहा है। राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने बताया कि रैली को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा संगठन पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटा हुआ है। जिला, मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। परिवहन, पार्किंग, पेयजल, चिकित्सा सहायता, यातायात प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को जींद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को विकास, आधुनिक तकनीक और जनकल्याण का नया संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि मोदी और नायब सरकार का लक्ष्य विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और इसी सोच के साथ प्रदेश में लगातार बड़े निर्णय लिए जा रहे हैं। सांसद भाटिया ने भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि 17 जुलाई की जनसभा को जनभागीदारी का उत्सव बनाया जाए। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ, गांव, वार्ड और मोहल्ले में जनसंपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को जींद लेकर आए। उन्होंने कहा कि यह रैली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हरियाणा की जनता के विश्वास, स्नेह और समर्थन की ऐतिहासिक अभिव्यक्ति बनेगी। वहीं, सांसद भाटिया ने कहा कि भाजपा इस आयोजन को इको-फ्रेंडली जनसभा के रूप में आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को जींद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को विकास, हरित तकनीक और जनकल्याण की नई दिशा देंगे। यह जनसभा विकसित हरियाणा और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने वाला ऐतिहासिक आयोजन सिद्ध होगी।

**कार्यक्रम के बारे में दी जानकारी**

सांसद संजय ने कहा कि जींद में प्रधानमंत्री विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं से रेलवे, सड़क, कनेक्टिविटी और जनसुविधाओं का विस्तार होगा तथा प्रदेश में औद्योगिक निवेश, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। यह कार्यक्रम विकसित हरियाणा की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

---

# मानवीय कर्तव्यों का पालन करना ही सच्चा धर्म है : डॉ. जगजीत आहूजा

- सोमनाथ धाम आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां शुरू



पानीपत। श्री सोमनाथ धाम आश्रम में भजन गायन करते विश्व जागृति मिशन के सेवक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री सोमनाथ धाम आश्रम, गांव निम्बरी में विश्व जागृति मिशन, पानीपत मंडल द्वारा आयोजित साप्ताहिक सत्संग श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत मधुर एवं भक्तिमय भजनों से हुआ। भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया तथा पूरे आश्रम परिसर को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं ने सुधांशु महाराज के सत्संग का टेलीविजन के माध्यम से श्रवण किया। महाराजजी ने इस प्रसंग के माध्यम से संदेश दिया कि जीवन में कर्तव्य, मर्यादा, त्याग और माता-पिता के प्रति सम्मान ही सच्चे धर्म की पहचान है। कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, संयम और धर्म का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। वहीं, सत्संग के उपरांत विश्व जागृति मिशन, पानीपत मंडल के महामंत्री गिरीश अरोड़ा ने आनंद धाम आश्रम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। इधर, विश्व जागृति मिशन के प्रधान डॉ. जगजीत आहूजा ने कहा कि संगठन की प्रत्येक उपलब्धि सामूहिक प्रयास, सेवा भावना और गुरु कृपा का परिणाम है। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए ममता पाहवा, रानी गुलाब, पप्पू पहलवान को पटका पहना कर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विश्व जागृति मिशन के हरियाणा प्रभारी आर.एन. रावल, प्रधान डॉ. जगजीत आहूजा, वरिष्ठ प्रधान इंदर चुघ, कार्यकारिणी प्रधान यशपाल चौधरी, महामंत्री गिरीश अरोड़ा, कोषाध्यक्ष रमेश ढींगड़ा, कांता छाबड़ा, सरोज रावल, दीपा, जगदीश खुराना आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

# मानवता का रक्षक है घना पर्यावरण : कोहली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। ज्योति कालोनी में पौधरोपण करते हुए लायन क्लब के पदाधिकारी आदि।

पर्यावरण बचाने के लिए पौधा रौपन अत्यंत आवश्यक है अपने लिए तथा आने वाली पीढियों के लिए सांस लेने के लिए स्वच्छ वायु जरूरी है, जो पौधों से ही मिलेगी। ये शब्द लायन सरदार अमरजीत सिंह कोहली ने असंध रोड ज्योति कालोनी में लायन क्लब करनाल रॉयल के तत्वावधान किए गए पौधरोपण के अवसर पर कहे। उन्होंने कहा कि इसलिए समाज के सभी लोग अधिक से अधिक पौधे लगाए। वहीं, कोहली ने कहा कि लायन क्लब भविष्य में भी पौधारोपण करता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से लायन इंजीनियर जीत सिंह, लायन मेहर सिंह व लायन धर्मेश बीतान आदि मौजूद रहें और सभी ने पौधे रोपे।

---

# डीसी ने परिवार समेत की गोसेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। समालखा में गोसेवा के लिए अपने परिजनों के साथ गोशाला पहुंचे उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ ने रविवार को समालखा की भापरा रोड़ पर स्थित गोशाला में जाकर गोवंश की सेवा की। गोवंश की सेवा करने में उनके साथ उनकी धर्मपत्नी अनु वशिष्ठ व पुत्र देव वशिष्ठ भी शामिल रहे। इधर, सी डॉ हरीश ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही गौ माता को विशेष सम्मान प्राप्त है। वेदों, पुराणों और अन्य धार्मिक ग्रंथों में गाय को समृद्धि, करुणा और जीवनदायिनी शक्ति का प्रतीक माना गया है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में गोसेवा को पुण्य और लोककल्याण का कार्य माना गया है। गाय हमें दूध, दही, घी, मक्खन और छाछ जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ प्रदान करती है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। इसके अतिरिक्त गोबर और गोमूत्र का उपयोग जैविक खेती, प्राकृतिक खाद, ऊर्जा उत्पादन तथा अनेक पारंपरिक औषधीय प्रयोगों में किया जाता है। इस प्रकार गाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। उन्होंने कहा कि गोसेवा का वास्तविक अर्थ केवल गाय की पूजा करना नहीं, बल्कि उसके भोजन, पानी, स्वास्थ्य और संरक्षण का ध्यान रखना है। घायल, बीमार अथवा बेसहारा गायों की देखभाल करना, गौशालाओं का सहयोग करना तथा उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाना ही सच्ची गो सेवा है।

---

# आध्यात्मिक कार्यक्रम जीवन को देते हैं ऊर्जा

- ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर थिराना में आर्किटेक्टस संगोष्ठी का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर में आयोजित संगोष्ठी में भाग लेते बीके भाई और बहन। फोटो : हरिभूमि

ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर में आज आर्ट ऑफ हैप्पी लिविंग विषय पर आर्किटेक्ट्स के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पानीपत एवं करनाल से अनेक प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट्स ने भाग लेकर आध्यात्मिक जीवन मूल्यों, सकारात्मक सोच एवं तनावमुक्त जीवन के सूत्रों को जाना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर के निदेशक राजयोगी भारत भूषण ने कहा कि एक श्रेष्ठ आर्किटेक्ट केवल भवनों का ही नहीं, बल्कि अपने विचारों और संस्कारों का भी निर्माता होता है। यदि जीवन में आध्यात्मिकता और राजयोग का समावेश हो जाए तो कार्यक्षेत्र में सफलता के साथ-साथ मानसिक शांति, संतुलन एवं निर्णय लेने की क्षमता भी बढ़ती है। ब्रह्माकुमारी सुनीता बहन ने कहा कि आध्यात्मिक मूल्यों के आधार पर निर्मित समाज ही वास्तविक रूप से सुखी एवं समृद्ध बन सकता है। उन्होंने सभी आर्किटेक्ट्स से अपने व्यावसायिक जीवन के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को भी बढ़ावा देने का आह्वान किया। विशेष रूप से उपस्थित अतिथियों में ललित सुखीजा, प्रेजिडेंट आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन, करनाल ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम व्यस्त जीवन में नई ऊर्जा, शांति एवं प्रेरणा प्रदान करते हैं। सीनियर आर्किटेक्ट सागर एवं असीम जैन कोर कमेटी सदस्य आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन ने प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रेरणादायी कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों को आध्यात्मिकता से जोड़ने का उत्कृष्ट माध्यम हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय सहभागिता का विश्वास व्यक्त किया।

---

# रिफाइनरी दिवस पर कर्मचारियों का प्रदर्शन

- मांगें नहीं मानने पर कर्मचारियों ने काले कपड़े पहन रोष जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। रिफाइनरी दिवस पर काले कपड़े पहनकर आंदोलन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

इंडियन ऑयल पानीपत रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन द्वारा कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं न देने और समस्याओं का समाधान न होने के कारण रविवार को रिफाइनरी दिवस पर रिफाइनरी प्रशासन के खिलाफ काले कपड़े पहनकर रोष प्रदर्शन किया। यूनियन ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी मांगे नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन अनशन किया जाएगा। जिसका जिम्मेदार रिफाइनरी प्रशासन होगा। वहीं, रविवार की सुबह रोष प्रदर्शन में बडी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया और रिफाइनरी प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। स्मरणीय है कि इंडियन ऑयल रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन द्वारा मांगें मनवाने के लिए रिफाइनरी टाउनशिप में 29 जून को एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसमें रिफाइनरी कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख और मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन के खिलाफ नारेबाजी की गई थी। जबकि दस जुलाई को रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन द्वारा दिए गए समय के अंदर रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनकी मांगे न मानने पर कर्मचारी यूनियन का गुस्सा फूट पड़ा और रिफाइनरी गेट पर एकत्रित होकर रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पी 25 प्रोजेक्ट गेट से कोको चौक तक जुलूस निकाला गया था। वहीं, रिफाइनरी दिवस और इंडियन ऑयल दिवस पर कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं में भारी कटौती किए जाने की उन्होंने आलोचना की। इधर, आंदोलन में दिनेश कुमार, पवन कुमार, मनोज कटियार, शुभम चौधरी, विजय बुमरा, कृष्णा, प्रदीप कुमार, अमरपाल, ललित कुमार, टिंकू, चंदन, रवि प्रकाश आदि ने भाग लिया।

---

# पानीपत में युद्धस्तर पर चल रहा एसआईआर कार्य : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

**एसआईआर में जुटे कर्मचारियों को सराहा**



डॉ. वशिष्ठ ने बताया कि यह अभियान केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के मताधिकार को सुरक्षित और मजबूत बनाने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के बावजूद बीएलओ, सुपरवाइजर, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य कर्मचारियों ने जिस समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे है, वह लोकतंत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि शेष कार्य भी निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाएगा।

जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान अंतिम चरण में पहुंच गया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. हरीश वशिष्ठ के नेतृत्व में अभियान के तहत अब तक 74.29 प्रतिशत फॉर्मों का डिजिटाइजेशन करने का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष कार्य को अगले दो दिन में निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए प्रशासनिक टीमें युद्धस्तर पर जुटी हुई हैं। प्रत्येक दो घंटे में डिजिटाइजेशन की प्रगति का डाटा अपडेट किया जा रहा है, जिससे कार्य की लगातार निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। , अधिकारीयो के कार्य की लगातार समीक्षा की जा रही हैं ताकि शेष फॉर्मों का डिजिटाइजेशन समयबद्ध ढंग से पूरा किया जा सके। एसडीएम मनदीप कुमार ने कहा कि कर्मचारियों का उत्साह कम नहीं हुआ है। उन्होंने विशेष रूप से आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग से गांव-गांव तक सही मतदाता जानकारी एकत्रित करना संभव हुआ है। एसडीएम समालखा अमित कुमार ने बताया कि बीएलओ और सुपरवाइजर घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य कर रहे हैं।

---

# गर्भवती महिला के साथ दुष्कर्म का किया प्रयास

- आरोपी पर पहले भी दर्ज है केस, फिलहाल तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के रमेश नगर में गौरव कुमार नामक व्यक्ति ने पडोस में निवास कर रही महिला के घर जबरन घुस गया और उसके साथ छेडखानी की, आरोपी ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने की चेष्टा की। वहीं, महिला का शोर सुन कर परिजन व आसपडोसी एकत्र हो गए। आरोपी ने डंडा व चाकू दिखा का कथित पीडित महिला व आसपडोसियों को धमकाया। इधर, नगर निगम की पार्षद अंजलि को जब इस मामले की सूचना मिली तो वे पीडित महिला को साथ लेकर थाना तहसील कैंप पहुंची। पीडित महिला ने आरोपी गौरव के करतूतों की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दिखाई। इधर, तहसील कैंप थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि आरोपी गौरव पर केस दर्ज किया गया है। वहीं आरोपी पर पहले भी केस दर्ज है और वह न्यायिक हिरासत में जेल में बंद रह चुका है, फिहलहाल गौरव जेल से जमानत पर रिहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी गौरव फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जल्द ही गौरव को गिरफ्तार किया जाएगा। दूसरी ओर, रमेश नगर की महिलाओं का आरोप है कि गौरव चरित्रहीन इंसान है और आए दिन महिलाओं के साथ छेडखानी करता रहता है।

---

**मानसिक रूप से परेशान रकम ऐंठने का प्रयास करते हैं ठग**

# अपराध है डिजिटल अरेस्ट करना : पुलिस अधीक्षक

- साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

**साइबर ठगों के झांसे में न आएं**



पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि साइबर ठग अक्सर लोगों को फोन कर उनके बेटे, बेटी या अन्य परिजनों का नाम लेकर घबराने की स्थिति पैदा करते हैं। कभी कहा जाता है कि आपका परिजन किसी आपराधिक गतिविधि या नशा तस्करी के मामले में पकड़ा गया है, तो कभी विदेश से आए पार्सल में प्रतिबंधित सामग्री मिलने की झूठी कहानी सुनाई जाती है। इसके बाद ठग खुद को किसी जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल करते हैं और पीड़ित को गिरफ्तारी, जेल या कानूनी कार्रवाई का भय दिखाते हैं।

साइबर अपराधी लोगों को डर और भ्रम में डालकर ठगी करने के लिए लगातार नए-नए तरीके अपना रहे हैं। इन्हीं तरीकों में से एक है तथाकथित 'डिजिटल अरेस्ट', जिसके जरिए अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स विभाग, ईडी या अन्य सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को मानसिक रूप से परेशान करते हैं और उनसे मोटी रकम ऐंठने का प्रयास करते हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि भारतीय कानून में 'डिजिटल अरेस्ट' नाम का कोई शब्द या कानूनी प्रक्रिया नहीं है। यदि कोई व्यक्ति इस नाम पर डराने या धमकाने की कोशिश करता है तो उसकी बातों में आने के बजाय तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

एसपी सिंह ने बताया कि अपराधी वीडियो कॉल के दौरान अपने पीछे पुलिस स्टेशन, कंट्रोल रूम या सरकारी कार्यालय जैसा माहौल दिखाकर भरोसा जीतने का प्रयास करते हैं। इसके बाद पीड़ित को यह कहकर घंटों तक कॉल पर रोके रखते हैं कि वह निगरानी में है और किसी से संपर्क नहीं कर सकता। डर और दबाव की स्थिति में लाकर आरोपी मामले को रफा-दफा करने के नाम पर पैसे मांगते हैं और लोग उनकी ठगी का शिकार हो जाते हैं। वहीं, उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल के माध्यम से किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करती। नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध कॉल, वीडियो कॉल, ब्लैकमेलिंग या डिजिटल अरेस्ट की धमकी मिलने पर घबराएं नहीं, बल्कि अपने परिजनों से संपर्क कर तथ्य की पुष्टि करें और तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस अधीक्षक सिंह ने कहा कि सतर्कता, जागरूकता और समय पर शिकायत ही साइबर अपराधियों के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार है। इस प्रकार की वारदातों से बचने के लिए हमेशा सतर्क रहें। फोन पर कोई अपने आप को पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई विभाग, आरबीआई और ईडी इत्यादि का अधिकारी बताकर इस तरह ब्लैकमेल, जबरन वसूली या डिजिटल अरेस्ट इत्यादि की धमकी देता है तो उनसे डरे नहीं तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

# हरियाणा अंडर-17 शतरंज चैंपियनशिप में 150 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभा का दमखम दिखाया

## 30 हजार के नकद पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे खिलाड़ी, विजेताओं को मिलेगा राज्य के प्रतिनिधित्व का मौका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला शहर स्थित पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में 30वीं हरियाणा स्टेट अंडर-17 (बालक एवं बालिका) शतरंज चैंपियनशिप-2026 का शुभारंभ अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि समाजसेवी योगी दिनेश जिंदल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि अखिल जैन एवं शिल्पी जैन ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 150 से अधिक अंडर-17 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के सचिव किरणदीप गौड़ ने बताया कि यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हरियाणा की सबसे प्रतिष्ठित जूनियर शतरंज प्रतियोगिताओं में से एक है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय अंडर-17 शतरंज चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु प्रतियोगिता में 30,000 की कुल नकद पुरस्कार राशि के साथ आकर्षक ट्रॉफियां एवं मेडल प्रदान किए जाएंगे। मुख्य अतिथि योगी दिनेश जिंदल ने खिलाड़ियों के साथ शतरंज की पहली चाल चलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन में धैर्य, अनुशासन, एकाग्रता, रणनीतिक सोच एवं सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने वाला श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करने का आह्वान किया।


अंबाला। प्रतियोगिता के दौरान अपनी चाल चलते खिलाड़ी।

### राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता से निखरेगी युवा प्रतिभा

इस अवसर पर पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. विकास कोहली ने कहा कि शतरंज विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, तार्किक चिंतन, स्मरण शक्ति तथा आत्मविश्वास को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करती हैं। अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन की प्रधान नम्रता गौड़ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। सचिव किरणदीप गौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को एसपी अजीत सिंह शेखावत द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह में मेडल, ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए द हरियाणा चेस एसोसिएशन द्वारा लक्ष्य अरोड़ा को मुख्य निर्णायक तथा जय राज को सहायक निर्णायक नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रवि, निपुण, लक्ष्य, मनीष शर्मा, रंधीर तथा अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट आशीष शर्मा सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी, प्रशिक्षक एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अंबाला।** डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामत पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र भी जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख प्रस्तुत करना होगा।

### 18 जुलाई को लगेगी विशेष लोक अदालत

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 18 जुलाई 2026 को जिला न्यायालय परिसर में (एनआई एक्ट) से संबंधित मामलों हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित लंबित मामलों का आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्वरित निपटारा करना है, जिससे पक्षकारों का समय एवं धन दोनों की बचत हो सके तथा न्यायिक प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाया जा सके।

### 15 तक चुनें पसंदीदा आईटीआई व्यवसाय

**अंबाला।** अंबाला शहर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य दिनेश राणा ने बताया कि जिन छात्र छात्राओं ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए आवेदन किया हुआ है। आईटीआई व व्यवसाय के चयन की तिथि 15 जुलाई है।

### गणना प्रपत्रों में नहीं रहे कोई कमी

**शहजादपुर।** निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी शिवजीत भारती ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इस संबंध में चुनाव सुपरवाइजरों एवं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

## सदस्य कर रहे हैं मीटिंग होने का इंतजार

# डेढ़ महीना बीता, लेकिन नहीं हुई सदन की पहली मीटिंग

**सोनीपत और पंचकूला नगर निगम सदनों की हो चुकी एक-एक बैठक**

*शपथ ग्रहण के डेढ़ माह बाद भी अंबाला नगर निगम सदन की पहली बैठक नहीं, 28 मई को मेयर अक्षिता सैनी और 20 पार्षदों ने ली थी शपथ*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

नगर निगम चुनाव के बाद सदस्यों की शपथ को डेढ़ महीना हो चुका है। अभी तक मेयर की ओर से सदन की पहली मीटिंग नहीं बुलाई गई।हालांकि सरकारी अवकाश होने के बावजूद मेयर अक्षिता सैनी ने अंबाला शहर नगर निगम कार्यालय जाकर अपना पदभार भी ग्रहण कर लिया था। उसी दिन मेयर के साथ साथ सभी 20 वार्डों से निर्वाचित सदस्यों का भी शपथ-ग्रहण हुआ था। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट एवं म्युनिसिपल एक्ट के जानकार हेमंत कुमार ने बताया कि विधिवत (कानूनी) तौर पर मौजूदा अंबाला शहर नगर निगम सदन का गठन उसी दिन 28 मई से हो गया था। अंबाला शहर नगर निगम के साथ साथ पंचकूला और सोनीपत नगर निगमों के भी आम चुनाव कराए गए थे। दोनों नगर निगमों के वार्डों से निर्वाचित सदस्यों को भी 28 मई को पद और निष्ठा की शपथ दिलाई गई थी। हालांकि शपथ-ग्रहण के बाद सोनीपत नगर निगम सदन की पहली बैठक 6 जून को जबकि पंचकूला नगर निगम सदन की प्रथम बैठक 16 जून को आयोजित हो चुकी है परंतु अंबाला शहर नगर निगम सदन की मीटिंग अभी तक नहीं हुई है। हेमंत ने मेयर अक्षिता सैनी से सार्वजनिक अपील करते हुए सदन की पहली मीटिंग बुलाए जाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की धारा 52 (1) अनुसार निगम निगम सदन की सामान्यत हर महीने एक बैठक अवश्य होनी चाहिए। अगस्त, 2019 में उक्त धारा में हरियाणा विधानसभा द्वारा संशोधन कर यह भी कानूनी प्रावधान किया गया था कि हर माह की (मासिक) बैठक के अलावा हर नगर निगम को प्रत्येक 6 माह में कम से कम तीन दिनों की बैठक भी आवश्यक हैं।



अंबाला। नगर निगम का बाहरी दृश्य।

### बैठक हो या नहीं मानदेय तय

हेमंत ने बताया कि नवंबर, 2023 में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रदेश की सभी शहर निकायों के पदाधिकारियों के मासिक मानदेय में वृद्धि की गई थी जिसके द्वारा नगर निगम मेयर का मानदेय 30 हजार रुपये प्रतिमाह, सीनियर डिप्टी मेयर का 25 हजार व डिप्टी मेयर का 20 हजार प्रतिमाह व हर सदस्य को 15_15 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाना है। तीन मनोनीत सदस्यों को भी हर महीने 15 हजार रुपये मिलते हैं। इस संबंध में सारा खर्च हालांकि नगर निगम के अपने फंड में से ही किया जाता है। बेशक नगर निगम सदन की प्रतिमाह बैठक हो या न हो, नगर निगम के सभी पदाधिकारियों को हर महीने मानदेय की धनराशि अवश्य प्राप्त होती है।

# रिहायशी बस्ती में कीचड़ ने बढ़ाई मुसीबत, लोग बोले जीना हुआ दुश्वार

- फिसलन के कारण कई लोग घायल, तीन दिनों से बच्चे स्कूल नहीं जा सके

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

बराड़ा-दोसडक्का रोड स्थित सांई मंदिर के समीप फतेह सिंह कॉलोनी के लोग बेहद परेशान हैं। वजह यहां सीवरेज कार्य के बाद अधूरी छोड़ी गई सड़क और बारिश के कारण गली में कीचड़ हो गया है। लोगों ने बताया कि उन्होंने जीवनभर की जमा-पूंजी लगाकर यहां आशियाना बनाया था लेकिन मूलभूत सुविधाओं के नाम पर उन्हें केवल निराशा हाथ लगी है। कई वर्षों से वे नगरपालिका प्रशासन से सड़क पक्की करने की मांग कर रहे हैं लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। हाल ही में सीवरेज डालने के नाम पर गली की खुदाई की गई, लेकिन काम पूरा करने के बजाय उसे बदतर हालात में छोड़ दिया गया। बारिश ने रही-सही कसर पूरी कर दी है। गली में जलभराव और फिसलन से कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। अभिभावकों ने बताया कि गली की दुर्दशा के कारण पिछले तीन दिनों से उनके बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। निवासियों का आरोप है कि नियमित टैक्स देने के बावजूद न तो सड़क बन रही है और न ही इलाके में कभी सफाई कर्मचारी आता है। उधर अधोया मुसलमान गांव में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सरपंच वीना रानी ने तैयारी कर ली है। सरपंच प्रतिनिधि कैलाश कुमार के नेतृत्व में गांव में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जेसीबी मशीन की मदद से खाटूश्याम जी मंदिर परिसर, पंजाब नेशनल बैंक के आसपास और मुख्य बाजार की नालियों की सफाई करवाई गई। इसके साथ ही, शहीद उधम सिंह चौक से लेकर गांव तक सड़क किनारे जमा गंदगी और झाड़ियों को हटाया गया। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि ग्रामीणों को परेशानी से बचाना पंचायत की प्राथमिकता है।

# ठगों ने जीजा बनकर साले को लगाया चूना, 2.43 लाख रुपये की ठगी की

**फेसबुक आईडी हैक कर अंजाम दी वारदात, अब साइबर सैल ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू की**

हरिभूमि न्यूजर ▸▸| अंबाला

- फर्जी मैसेज भेजकर खाते में लाखों रुपये ट्रांसफर करने का झांसा दिया।

अमेरिका में रहने वाले जीजा की फेसबुक आईडी हैक कर साइबर ठग ने नारायणगढ़ के रवि कुमार से 2.43 लाख रुपये की ठगी कर ली। पहले साइबर ठग ने व्हाट्सएप पर चैट पर झांसे में लिया और फिर खाते से लाखों रुपये डालने की बात कहकर पैसे अपने खाते में डलवा लिए। नोडल साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पंचकूला से प्राप्त जीरो प्राथमिकी के आधार पर अंबाला साइबर क्राइम पुलिस ने केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। नारायणगढ़ के खानपुर राजपुतान गांव के रवि कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। बहन प्रवीण कुमारी और जीजा दीपक सैनी करीब 7 साल से अमेरिका में रह रहे हैं। 8 जुलाई को रवि के पास उसके जीजा दीपक सैनी की फेसबुक आईडी से एक मैसेज आया। हालचाल पूछने के बाद साइबर ठग ने जीजा बनकर उससे व्हाट्सएप का नंबर मांगा। बाद में 7-8 लाख रुपये भेजने की बात बोलकर झांसे में लिया और कहा कि वह जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल कर सकता है। ठग ने व्हाट्सएप पर फर्जी मैसेज भेजकर पहले 8.72 लाख रुपये व कुछ देर बाद करीब 32 लाख रुपये भेजने का दावा किया।पीड़ित रवि ने बताया कि साइबर ठग ने एक अन्य मोबाइल नंबर भेजकर कहा कि यह एजेंसी वालों का नंबर है, इनसे बात कर लो। जब उस नंबर पर व्हाट्सएप कॉल की तो सामने वाले व्यक्ति ने कहा कि तुम्हारे जीजा दीपक हमारे कार्यालय में दस्तावेज रिन्यू कराने आए थे। यहां उन्होंने तोड़फोड़ व स्टाफ के साथ मारपीट की है। अगर हर्जाना नहीं दिया तो पुलिस केस हो जाएगा। ठग इतना शातिर था कि विश्वास दिलवाने के लिए जीजा बने व्यक्ति से रोते हुए बात भी करवाई। इस तरह से 8 व 9 जुलाई को पैसे साइबर ठग के खाते में डाले। ठग ने जब दोबारा मारपीट का वीडियो भेजकर 3.85 लाख रुपये ओर मांगे तो शक होने पर बहन प्रवीण कुमारी को फोन किया तो इस ठगी का खुलासा हुआ।

# सद्गुरु के मार्गदर्शन से ही परमात्मा और जीवन सत्य की प्राप्ति संभव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



अमीन रोड स्थित जय ओंकार आश्रम में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक प्रवचनों का श्रवण किया। सद्गुरुदेव स्वामी श्री शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले एवं स्वामी श्री संतोष ओंकार महाराज कुरड़ी वाले ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि सद्गुरु निराकार परब्रह्म ओंकार भगवान का साकार स्वरूप हैं। सद्गुरु के माध्यम से ही मनुष्य परमात्मा के वास्तविक स्वरूप और जीवन के सत्य का ज्ञान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह संसार एक मुसाफिरखाना है, जहां राजा हो या भिखारी, प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के अनुसार जीवन यात्रा पूर्ण कर अंततः परमात्मा के चरणों में विलीन हो जाता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति गुरु नाम का जाप, कीर्तन और स्मरण करता है, वह सहज भाव से सद्गुरु के चरणों में स्थान प्राप्त करता है तथा आनंदमय जीवन व्यतीत करता है। सद्गुरु की कृपा से वह ईश्वर की अनुकंपा प्राप्त कर पुनः लोककल्याण और गुरु सेवा के उद्देश्य से इस संसार में आता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में गुरु नाम का निरंतर जाप, सत्संग और ध्यान को स्थान देना चाहिए।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा दौरा विकास के नए युग का शंखनाद करेगा : सुभाष कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद

हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा के जींद का दौरा प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाला साबित होगा। ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा गाँव डल्ला माजरा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सुभाष कलसाना ने कहा कि जींद में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में लाइव दिखाया जायेगा और इस मोके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से ही वर्चुअल माध्यम से थानेसर के लिए एलेवेटेड ट्रैक सहित सिख इतिहास से जुड़े संग्रहालय और अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओ और ग्रामीणों को 17 जुलाई को इस कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया। सुभाष कलसाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है, उसमें हरियाणा की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रधानमंत्री के विजन को धरातल पर उतार रहे हैं। उनका सरल, संवेदनशील और जनहितैषी नेतृत्व प्रदेश के प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचा रहा है। चेयरमैन रविंद्र सांगवान ठोल ने भी अपने संबोधन में लोगों से 17 जुलाई के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। पार्षद दीपक आनंद ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में मंच का संचालन बिट्टू थडोली ने किया।


शाहबाद। जनसभा को संबोधित करते चैयरमेन सुभाष कलसाना।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिले के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**अंबाला।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कौलां के प्रिंसिपल अजय कुमार लिमल ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छठी के प्रवेश हेतू परीक्षा 2027 के अभ्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तक है। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तिथि दिनांक 28 नवंबर 2026 है। अभ्यर्थी की आयु 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के मध्य होनी चाहिए शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में अभ्यर्थी जिले में कक्षा 5वीं में अध्ययन किया होना चाहिए। ऑनलाईन माध्यम से आवेदन करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जाकर अपना आवेदन फार्म भर सकते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## उपायुक्त ने समय सीमा से पहले फॉर्म भरकर बीएलओ को सौंपने की अपील की

# 14 तक गणना प्रपत्र जमा करें, मतदाता सूची में नाम सुनिश्चित करें

- फॉर्म जमा नहीं करने पर मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं होगा
- सही जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को सौंपें
- सभी बीएलओ को समयबद्ध डिजिटलीकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिले के सभी मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत अपना गणना प्रपत्र (इम्यूनरेशन फॉर्म) समय पर भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को जमा कराने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2026 है। अब इसके लिए केवल दो दिन शेष हैं। उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए गए हैं तथा भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त कर उनका डिजिटलीकरण कर रहे हैं। प्रत्येक पात्र मतदाता के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर गणना प्रपत्र जमा कराना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं द्वारा 14 जुलाई तक अपना गणना प्रपत्र संबंधित बीएलओ को जमा नहीं कराया जाएगा, उनके नाम मतदाता सूची में नहीं आएगा। ऐसे मतदाताओं को भविष्य में अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पूरी प्रक्रिया से दोबारा गुजरना पड़ेगा। इसलिए किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए सभी मतदाता समय रहते जल्द से जल्द अपना गणना प्रपत्र भरकर जमा कराएं।

### डिजिटलीकरण के लिए सही विवरण देना जरूरी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की कि गणना प्रपत्र पर अपना नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चस्पा करें। आवश्यक जानकारी सही एवं स्पष्ट रूप से भरें तथा हस्ताक्षर कर संबंधित बीएलओ को निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराएं, ताकि उनका विवरण समय पर डिजिटल रूप से अपडेट किया जा सके। उन्होंने सभी बीएलओ को भी निर्देश दिए कि वे शेष गणना प्रपत्रों का संग्रहण एवं डिजिटलीकरण निर्धारित समयावधि में पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें तथा कोई भी पात्र मतदाता इस अभियान से वंचित न रहे। तोमर ने कहा कि मतदाता गणना प्रपत्र समय पर भरकर जमा कराएं, ताकि जिले की मतदाता सूची पूर्णतः अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाई जा सके।